भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 50
सोमवार, 21 जुलाई, 2025 (30 आषाढ़, 1947, (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान 171 का दुर्घटनाग्रस्त होना

50. श्री संदोष कुमार पीः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान संख्या 171 की दुखद दुर्घटना के कारणों की पहचान कर ली है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो जाँच प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति क्या है; और
(घ) इस दुर्घटना में कुल कितने लोग मारे गए?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): महानिदेशक, वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो द्वारा विमान (दुर्घटनाओं और घटनाओं की जांच) नियम, 2017 के नियम 11 के तहत दिनांक 12.06.2025 को अहमदाबाद में एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई–171 की दुर्घटना के संभावित कारणों/अंशदायी कारकों का निर्धारण करने के लिए जांच का आदेश दिया गया है।

दुर्घटना पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट एएआईबी द्वारा दिनांक 12 जुलाई, 2025 को प्रकाशित की गई है और उनकी वेबसाइट www.aaib.gov.in पर उपलब्ध है। दुर्घटना के संभावित कारणों/अंशदायी कारकों का पता लगाने के लिए जाँच जारी है।

(घ): दुर्घटना में 260 लोगों को जानलेवा चोटें लगी, जिनमें से 241 लोग विमान में सवार थे तथा 19 लोग जमीन पर थे।

******